तेरे नाम का डंका बाजे रे | by Chhavi Kashyap

मेरे श्याम तेरे नाम का ही डंका बाजे रे
तेरे आगे झुकते बाबा राजे और महाराजे रे

सांवरिया जो नाम तुम्हारा ले लेता है प्यार से
उस प्रेमी को डर है कैसा बाबा इस संसार से
हर प्रेमी के मन में बाबा तू ही तू विराजे रे
तेरे आगे झुकते बाबा राजे और महाराजे रे
मेरे श्याम तेरे नाम .....

बाबा तेरा रूप मैं जी भर के निहार लूँ
भीगे से नैनो से मैं तेरी आरती उतार लूँ
गेंदा और गुलाब से सांवरिया तू साजे रे
तेरे आगे झुकते बाबा राजे और महाराजे रे
मेरे श्याम तेरे नाम .....

लीले पे सवार होके जब तू चले शान से
चाँद और सितारे देखें तुझे आसमान से
लीले के पाँव के घुँघरू छम छम छम छम बाजे रे
तेरे आगे झुकते बाबा राजे और महाराजे रे
मेरे श्याम तेरे नाम .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a1%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-chhavi-kashyap/